तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 8 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 3 लाख की महंगी शराब के साथ ...





12 घठोली में पानी और मोतिमपुर, झाझाडीह ...










मतदान : लोकसभा निर्वाचन के तहत दुर्ग संसदीय सीट के लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में डाले गए वोट

# लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदाताओं ने डाली आहुति

# शाम 5 बजे तक लगभग 70 फीसदी हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकतंत्र के महापर्व में देश की सरकार बनाने जिले में मतदान की प्रक्रिया मंगलवार को तेज धूप ओर गर्म हवाओं के साथ शुरू हुई पर शाम होते होते मौसम ने ठंडकता तो लाई पर मतदान में रुकावट के साथ पूरी कर ली गई।

दुर्ग लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण में शामिल बेमेतरा जिले की तीनों सीटों पर मतदान कराया गया। इनमें सबसे अधिक मतदान बेमेतरा विधानसभा में देखने को मिला जहां कुल 71.33 फ़ीसदी से अधिक वोटरों ने अपने मत का प्रयोग होना संभावित है। आधिकारिक रूप से प्रशासन द्वारा शाम 6 बजे समाचार लिखे जाने तक जिले में कुल कितने प्रतिशत मतदान हुआ है, इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल पाई। हालांकि शाम 5 बजे तक निर्वाचन कार्यालय ने 69.06 तक मतदान होने की जानकारी दी थी। इसके अलावा इस बात की भी जानकारी दी गई कि इसमें कुछ प्रतिशत और बढ़ेगा, क्योंकि तब तक एक घंटे का समय मतदान के लिए और शेष था। इस प्रकार अनुमान लगाया जा रहा है कि जिले में इस बार 70 से लेकर 72 प्रतिशत तक मतदान हो सकता है। सुबह और दोपहर तक शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से मतदान करने में वोटरों का उत्साह नजर आ रहा था, उससे प्रतीत हो रहा था कि विधानसभा चुनाव से अधिक मतदान होगा। पर शाम 4 बजे के बाद मतदाताओं के मतदान केंद्र पहुंचने का क्रम धीमा हो गया। उसके बावजूद भी मतदाता अपने मत डालने पहुंच रहे थे। इसी बीच मौसम ने करवट बदलना शुरू कर दिया और जमकर तेज हवा के साथ बारिश होना शुरू हो गई। मौसम के बिगड़ने से कई मतदान केंद्रों में लगे टेंट और पंडाल गिर गए। इससे मतदान केंद्र में बनाई गई सारी व्यवस्था बाधित होने लगी।






## खास बातें

- कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव
- शाम 5 बजे के बाद मौसम ने ली करवट, एक घंटे आंधी-बारिश से बिगड़ी व्यवस्था
- सुबह 7 से शाम 6 बजे तक था मतदान का समय,
- पोलिंग बूथों में सुबह लगी रही कतार, शाम 5 बजे के बाद रहा सन्नाटा
- चुनाव में युवाओं से लेकर बुजुर्गों में रहा भारी उत्साह, महिलाओं ने किया जमकर मतदान





## 93 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता झब्बूलाल ने डाला वोट

**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के सिंघोरी मतदान केंद्र पर 93 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता झब्बूलाल ने मतदान किया।

## सबसे ज्यादा मतदान बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में

शाम 5 बजे तक दी गई जानकारी के अनुसार बेमेतरा विधानसभा में सबसे ज्यादा 71.33 फ़ीसदी मतदान हो चुका था। वहीं, साजा विधानसभा में 69.01 मतदाता ने वोट डाल चुके थे। इसी तरह नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 67.02 फ़ीसदी मत पड़ चुके थे।

## बूथों के बाहर तैनात रहे नेता व कार्यकर्ता

मतदान से पूर्व ही प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा ने मतदान केंद्र के बाहर अपने-अपने पंडाल लगा लिए थे। वहां मतदाताओं को मतदाता पर्ची इत्यादि उपलब्ध कराने मदद कर रहे थे। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ता पूरी चुनावी गतिविधियों पर भी नजर बनाए हुए थे। कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उन्हें वे पूरा करने में जुटे रहे। इसके अलावा पोलिंग बूथों में प्रत्याशी के प्रतिनिधि भी भ्रमण करने पहुंचे और मतदान की स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

## कलेक्टर ने किया पहले मतदान, फिर काम




**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा और उनकी पत्नी ने मंगलवार को सुबह ज़िला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया । कलेक्टर सवेरे मतदान पहुंच गये थे। कलेक्टर और उनकी पत्नी ने लाइन में लगकर अपनी बारी पर मतदान किया। इसके बाद वोटर सेल्फी जोन में जाकर सेल्फी ली। बच्चे भी साथ थे । इसके बाद वे जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के अवलोकन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले। कलेक्टर ने कहा कि पहले मतदान, फिर काम।

## दिव्यांग हीरालाल ने उत्साह के साथ किया मतदान



**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले के विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के कृषि उपज मंडी मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाता हीरालाल पांडे ने पूरे उत्साह से मतदान किया। उन्होंने सेल्फ़ी पॉइंट पर सेल्फ़ी ली। अंगुली में अमिट स्याही भी दिखाई।

## खबर संक्षेप

### 90 वर्षीय रोहनी बाई ने किया मतदान

**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में मतदान निर्धारित समय पर शुरू हुआ। 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता श्रीमती रोहनी बाई अग्रवाल ने क्रमांक 21 नवीन स्कूल मतदान केंद्र पर मतदान किया। उनके पुत्र संजय मतदान केंद्र तक लेकर आए। श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि इस बार मतदान केंद्र में अच्छी व्यवस्था है। छांव,पानी, बैठने की भी व्यवस्था की गई है।

### लोकतंत्र के महापर्व में लोगों ने उत्साह से किया मतदान



**साजा।** लोकतंत्र के महापर्व में लोगों ने उत्साह से भाग लिया। बुजुर्गों व जवानों के साथ दिव्यांगों ने भी मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मतों का प्रयोग किया। शहर के दो स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां नगर पंचायत के साथ सभी विभागों के कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से लग रहे। सुबह मतदान केंद्रों में लंबी कतारें लग गई थी। कुछ समय के लिए मौसम ने करवट बदल ली थी । उसके बाद



ठंडी हवाओं के साथ बदली छाई रही और लोग मतदान केंद्र तक पहुंचते रहे। शहर के कई बुजुर्ग मतदान केंद्र पहुंचे, जिन्होंने अपने जीवन में 24 बार इस लोकतंत्र के पर्व में भाग लिया होगा। इसी तरह बुजुर्गों को देखकर लोगों का उत्साह दोगुना नजर आया। शहर के दो स्कूलों में पांच बूथ बनाए गए थे। दिन में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। कुल 4636 मतदाता शहर में थे, जिनमें से 3051 ने अपने मत का प्रयोग किया।



**सेल्फी को लेकर दिखा उत्साह:** मतदान केंद्र में सेल्फी जोन पर भीड़ लगी रही। हर कोई अपने बुजुर्गों, दोस्तों और परिवारों के साथ के इस पल को सहेज कर रखना चाह रहा था। इससे पहले शहर में ढोल नगाड़े के साथ नेवता दिया गया। लोगों को मतदान के लिए जागरुक करने के लिए सुबह से ढोल लगाने के साथ भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए आग्रह किया गया। वहीं, मतदान करने पहुंचे मतदाताओं का अधिकारियों कर्मचारी ने स्वागत किया।











लोगों को गर्मी से मिली राहत, गिरा तापमान

# तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ हुई बेमौसम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



मंगलवार सुबह से ही बादल में काली घटाओं के साथ आंधी के साथ बेमौसम बारिश होने से तापमान में गिरावट हुई। पानी गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शाम होते ही बेमौसम बारिश रुक रुक होने लगी व जिससे लोगों ने ठंडी-ठंडी हवाओं का मजा लिया।

साथ ही गरजना व बिजली की की गड़गड़ाहट की आवाजों से बारिश होती रही। जिले में पारा लगभग 42 डिग्री तक चढ़ गया है। जिससे लोगों के जीवन मे सीधा प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी इतना तेज हो गई है कि घर के बाहर निकलने पर त्वचा आग की लावा से जलने की भांति झुलस गयी हो। जिनके कारण से बाहर तक निकलना लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या बन गई हैं। वही दैनिक वेतनभोगी, सरकारी, शासकीय व अशासकीय कर्मचारी, रोजमर्रा के रूप में काम में जाने वालों के लिए इस गर्मी में जाना कोई चुनौती से कम नहीं है। जो व्यक्ति घर से बाहर निकलते है वह सिर में बिना कपड़े ढंके नहीं निकलते। इसके अलावा कई मोटरसाइकिल चालक चिलचिलाती गर्मी के कारण हेलमेट पहन कर निकलते हैं। साथ ही अधिकतम तापमान होने पर गर्म हवाओं के चलते और भी परेशानियां बढ़ जाते है। पंखा, कूलर, एसी कुछ पल तक ही राहत है। बिजली गुल हो जाने पर गर्मी की मार असहनीय हो जाते है। ऐसे में आज बारिश होने पर लोगों का गर्मी से राहत मिली और सुकून महसूस हुआ।

## मतदान के बाद शाम को हुई बारिश ने लोगों को उमस से दिलाई राहत



**बेमेतरा।** भीषण गर्मी के बीच कल शाम जिले की सभी तहसील- इलाको में अचानक मौसम में परिवर्तन होने लगा। गर्मी के मौसम में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बारिश ने क्षेत्रवासियों को उमस से काफी राहत पहुंचाने का कार्य किया। आलम यह रहा कि दिनभर मतदान के वक़्त काफी गर्मी व उमस से जिलेवासी परेशान रहें। मतदान के बाद औचक पानी बरसाना लोगों को राहत देने वाला साबित हुआ। शाम को हुई जोरदार बरसात के कारण जमीन में काफी नमी आ गयी और तापमान में काफी गिरावट आई है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो मतदान के दिन सुबह से आसमान में बादल दिखाई पड़ रहे थे जिससे दिनभर में किसी भी वक़्त वर्षा की संभावना बनी हुई थी। वही शाम को जब पानी गिरना शुरू हुआ तो भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि बेमेतरा ज़िला मुख्यालय के साथ, बेरला, साजा, नवागढ़, खम्हरिया, देवकर, भिम्भौरी, दाढ़ी, नांदघाट, परपोड़ी सहित सभी इलाकों में देर रात तक जोरदार बारिश होता रही।

## विधायक दीपेश साहू ने किया मतदान

**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू वार्ड क्रमांक 05 आदर्श मतदान केंद्र बालक हाई स्कूल बूथ क्रमांक 13 में लाइन में लगाकर अपनी बारी का इंतजार किया और फिर मतदान किया।। इसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए सेल्फी जोन में जाकर फोटो खिंचवाई। साथ ही दीपेश साहू ने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात करते हुए ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की गई। विधायक श्री साहू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आगामी 4 जून को परिणाम 400 पार होगा और प्रदेश की सभी 11 सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली मे जाएगा। केन्द्र में पुनः तीसरी बार बनने का दावा किया । इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,राकेश मोहन शर्मा, मोंटी साहू मण्डल अध्यक्ष,परमेश्वर साहू, आशीष साहू, टिकेन्द्र साहू,दीनानाथ साहू,साकेत साहू,ओमेश्वरी साहू,खेम लाल केसरवानी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# फिल्टर प्लांट और इंटकवेल संचालन में नगर निगम के हाथ-पांव फूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन में निगम प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। हर महीने औसतन 3 करोड़ रुपये और 1 साल में 36 करोड़ रुपये के भारी भरकम बिजली बिल का भुगतान करने नगर निगम राज्य सरकार के भरोसे है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे नगर निगम के जल विभाग ने इसके लिए सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया है। इसे शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में रहने वाले 14 लाख लोगों को नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट और इंटकवेल से शहर की 43 नई और पुरानी पानी टंकियों के माध्यम से 12 महीने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करता है। इस सतत प्रक्रिया में जल शुद्धिकरण के दौरान फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन के लिए प्लांट को चौबीस घंटे संचालित करने बिजली की जरूरत पड़ती है।

सूत्रों के मुताबिक फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर महीने करीब 3 करोड़ के बिजली बिल का भुगतान नगर निगम को करना पड़ता है। इस तरह 1 साल में 36 करोड़ रुपये फिल्टर प्लांट और एनीकेट के बिजली बिल का खर्च है। 2018 से पहले नगर निगम फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के विद्युत बिल का नियमित रूप से भुगतान करने की स्थिति में रहा, पर 2018 के बाद से जल विभाग विद्युत बिल का भुगतान समय पर नहीं कर पा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

- हर बार राज्य सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत
- एक साल में 36 करोड़ का बिजली बिल



### जल शुल्क और विद्युत शुल्क का 156 करोड़ बकाया

निगम के अधिकारियों के मुताबिक फिल्टर प्लांट के 2 साल का बिजली बिल भुगतान लंबित है। इसी तरह जल शुल्क के रूप में एकमुश्त राशि का भुगतान लंबित है। जल शुल्क और विद्युत शुल्क मिलाकर कुल 156 करोड़ रुपये का भुगतान नगर निगम के जल विभाग ने अब तक नहीं किया है।

### सोलर प्लांट का प्रस्ताव

निगम के फिल्टर प्लांट में बिजली की बचत के लिए प्रधानमंत्री विद्युतीकरण योजना अंतर्गत सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।
**- सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

### रॉ वाटर खरीदने में ही हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च

जल विभाग हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए का रॉ वाटर सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम के माध्यम से खरीदता है। साल में 10 महीने तक उसे डेम से पानी खरीदने की जरूरत पड़ती है। इस तरह 10 महीने में 11 करोड़ रुपये का रॉ वाटर शहर के 70 वार्डों के लिए खरीदा जाता है, जबकि बारिश के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों की उपलब्धता केवल 2 माह तक रहती है। इन 2 महीनों में खारुन का पानी लोगों की प्यास बुझाता है। इसीलिए सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम का कच्चा पानी खरीदने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

## खबर संक्षेप



### शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को, सीएम होंगे शामिल

**रायपुर।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शहीद स्मारक भवन में 12 मई को प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूजन अर्चन, शोभायात्रा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन आदि संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महंत डॉ. रामसुंदर दास, डॉ. महेश गिरि दिल्ली, महंत सच्चिदानंद गिरि दिल्ली और वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी उपस्थित होंगे।

### लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने लिया संकल्प



**रायपुर।** लोकतंत्र के महापर्व पर लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने के लिए संकल्प लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सदस्यों ने कहा कि वोट अवश्य कीजिए, लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है, प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### कमल विहार में ज्ञान क्षेत्र का उद्घाटन 12 को

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार रायपुर द्वारा गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या 12 मई को कमल विहार ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित छत्तीसगढ़वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 12 मई को सुबह 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, सुबह 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन का कार्यक्रम होगा।

### मेडिकल की नई तकनीक विकसित करने एम्स-आईआईटी इंदौर के बीच एमओयू

**रायपुर।** मेडिकल की नई तकनीक और शोध तथा अनुसंधान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और आईआईटी इंदौर के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है। एमओयू के तहत हेल्थ वर्करों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने सिम्युलेटर और किट प्रदान किया जाएगा। एम्स की ओर से कार्यपालक निदेशक जनरल अशोक जिंदल और आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अमनदीप श्रीवास्तव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एम्स निदेशक ने बताया कि एमओयू की मदद से दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान सुगम हो सकेगा। इससे नई तकनीक के विकास, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, शोध और अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सामाजिक कार्यों में नई पहल संभव हो सकेगी।

## तापमान 43 डिग्री, दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच पीक पर रहेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



**ऐसा रहा तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 43.0 |
| बिलासपुर | 43.2 |
| पेंड्रा | 41.8 |
| अंबिकापुर | 41.2 |
| जगदलपुर | 40.5 |
| दुर्ग | 42.4 |
| राजनांदगांव | 42.8 |

मौसम में अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। दोपहर ढाई से तीन बजे तक गर्मी अपनी चरम स्थिति में रहेगी। शाम के बाद शहर सहित मध्य इलाके में बूंदाबांदी अथवा हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार को सुबह छाए बादल और ठंडी हवा के बाद दोपहर शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री पर सिमट गया। रविवार को मई का सर्वाधिक तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जिसमें दूसरे दिन सोमवार को आधा डिग्री तक की गिरावट हुई। तापमान भले ही मामूली रूप से कम रहा, मगर गर्मी के तेवरों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। दोपहर तेज और झुलसाने वाली गर्मी के बीच शहर का अधिकतम पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी की वजह से ज्यादातर लोगों ने घर अथवा दफ्तरों में रहकर अपना कामकाज किया।

आवश्यक होने पर जो बाहर निकले, उन्होंने स्कार्फ अथवा अन्य सुरक्षा उपाय किए। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव हो रहा है, जिसकी वजह से मंगलवार को हल्के बादल छाए रहेंगे और तापमान 43 डिग्री के आसपास ही रहेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, गर्मी अपना असर दिखाएगी और दोपहर के वक्त तापमान अपने पीक पर रहेगा। शाम होने के बाद पारा धीरे-धीरे नीचे उतरेगा। इसके बाद कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ भी चल सकता है।

## आबकारी विभाग की दबिश में मिली अंग्रेजी शराब

# 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 3 लाख की महंगी शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने रविवार रात मंदिरहसौद क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की महंगी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दंतेवाड़ा जिले का रहने वाला है, जो पेशे से अवैध शराब बिक्री का कारोबारी है। उसके पास से विभागीय टीम ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 64 बोतल शराब बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 3 लाख रुपये आंकी गई है।

### टाटा नैनो से 60 हजार कीमत की शराब बरामद

विभागीय टीम ने इसके अलावा शंकर नगर क्षेत्र के कचना मार्ग पर एक नैनो कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 हजार कीमत की शराब बरामद की है। इस कार से 230 नग केन बीयर और मेक्डावल नंबर वन ब्रांड की 7 बोतल शराब बरामद की है। टीम ने कार चालक डंकानारा सीमूल निवासी दुर्गा नगर न्यूराजेंद्र नगर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार तिल्दा क्षेत्र में भी अलग-अलग दो जगह से दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 210 लीटर शराब से भरी बोतले जब्त की है। इन तीनों प्रकरण में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### सूनी जगह पर झाड़ियों में छिपाकर रखी थी शराब

जिला आबकारी उपायुक्त विकास गोस्वामी ने बताया कि लोकसभा चुनाव का 7 मई को मतदान होना है। इसे लेकर पूरे जिले में 5 मई शाम को 5 बजे से ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके तहत जिलेभर में शराब दुकानें भी बंद हैं। इस दौरान अवैध शराब की तस्करी व कारोबार करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार रात को विभागीय टीम ने मंदिरहसौद क्षेत्र में वुडआइलैंड के निकट एक कच्ची सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, उसके हाथ में एक थैला था। विभाग की टीम जब उसके पास पहुंची, तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पकड़कर कर पूछताछ की गई, तो उसने खुद का नाम राजा दुर्गा बड़े बचेली दंतेवाड़ा का रहने वाला बताया है। उसके थैले से महंगी शराब की दो बोतल बरामद की। इसके बाद उससे जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने कच्ची सड़क के पास झाड़ियों में शराब छिपाकर रखना बताया। विभाग ने झाड़ियों से 64 शराब की बोतल बरामद की। ये सभी शराब की बोतले दूसरे राज्य जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश की है। बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। राजा दुर्गा ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह शराब बेचने का काम करता है। रायपुर में वह शराब बेचने के लिए ही आया था। पूछताछ में आरोपी से विभागीय अधिकारी यह पता नहीं लगा पाई कि दूसरे राज्यों की इतनी महंगी शराब उसके पास कहां से आई। फिलहाल इस मामले में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 6 जून से, जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक चलेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- एक ही पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक होंगी परीक्षाएं

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं एक पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएंगी। रविवि अध्ययनशाला के साथ ही महाविद्यालयों को भी समय-सारिणी प्रेषित कर दी गई हैं। किसी तरह की त्रुटि होने पर सूचित करने कहा गया है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 6 जून से होगी। विवि प्रबंधन द्वारा ठीक एक माह पहले समय-सारिणी जारी की गई है। परीक्षाएं 15 जुलाई को समाप्त होंगी। सबसे अंत में बीवॉक और एमएससी आईटी की परीक्षाएं समाप्त होंगी। एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 28 जून तक चलेगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से 2 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। एमए के अंतर्गत विभिन्न विषयों की परीक्षाएं 6 जून से 2 जुलाई तक आयोजित होगी। बीबीए की परीक्षाएं 11 जून से 3 जुलाई, सीबीएस की परीक्षाएं 6 जून से 11 जुलाई तथा बीफॉर्मा की परीक्षाएं 10 जून से 3 जुलाई तक होगी। समय-सारिणी रविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### 22 साल बाद अंक सुधार

रविवि ने एक छात्रा की अंकसूची में दर्ज अंकों में 22 साल बाद सुधार किए हैं। इसके परिणाम भी घोषित किए गए। छात्रा शासकीय महाविद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा है। छात्रा के बीए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के अंक सुधार पश्चात परिणाम दोबारा जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि अंतिम वर्ष की अंकसूची में तीनों वर्ष के अंकों का उल्लेख होता है। कई बार त्रुटिवश प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंक और अंतिम वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंकों में एकरूपता नहीं रह पाती है। डिग्री के लिए आवेदन करने के दौरान दोनों में एक समान अंक होना जरूरी होता है। अधिकतर छात्र इस ओर ध्यान ही नहीं देते हैं। डिग्री के लिए आवेदन देने के बाद उन्हें त्रुटि पता चलती है। ऐसे में छात्रों द्वारा अंक सुधार के लिए आवेदन दिया जाता है तथा रविवि पुनः परिणाम जारी करता है।

## जग्गी हत्याकांड में शामिल तीन लोगों ने कोर्ट में किया सरेंडर



हरभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड में शामिल तीन अन्य अभियुक्तों ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर किया है। हत्याकांड में शामिल 27 में से 10 आरोपी अब तक कोर्ट में सरेंडर कर चुके हैं। हत्याकांड में शामिल जिन तीन लोगों ने कोर्ट में सरेंडर किया है, वो मध्यप्रदेश, भिंड के रहने वाले हैं। सरेंडर करने वाले अभियुक्त अपने वकील तथा परिजनों के साथ कोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट में सरेंडर करने वालों में राजू भदोरिया, धर्मेंद्र उर्फ लल्लन सिंह तथा एक अन्य शामिल है।

- सरेंडर करने वाले मध्यप्रदेश, भिंड के रहने वाले

### फिरोज को राहत

हाईकोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखे जाने के बाद फिरोज सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। सिद्दीकी ने अपनी याचिका में बताया कि जग्गी हत्याकांड में उसकी भूमिका को सही तरीके से अभियोजन पक्ष द्वारा परिभाषित नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इसी आधार पर जमानत देते हुए 25-25 हजार रुपए के दो बांड तथा जमानतदार पेश करने के लिए कहा है।

## एक्शन मोड में सीनियर डीसीएम, यात्री बनकर पहुंचे स्टेशन, कुलियों को शराब पीते रंगे हाथ पकड़ा



**रायपुर।** मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी पदभार संभालने के बाद ही एक्शन मोड में आ गए हैं। सोमवार को सुबह आम यात्री की तरह बिना स्टॉफ की मदद के उन्होंने स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण कर स्टेशन में मौजूद जन सुविधाओं को जायजा लिया। इस दौरान जब सीनियर डीसीएम जब कुली विश्राम गृह में पहुंचते तो सुबह से ही कुली शराब पीते नजर आए। वाणिज्य प्रबंधक ने भविष्य में ऐसा गलती न करने की हिदायत दी। स्टेशन पर कार्यरत कुली बिल्ला क्रमांक 165 सुभाष निर्मलकर ने लिखित में स्वीकार किया कि वह और उसके साथी शराब पी रहे थे। निर्मलकर के साथ भुवन साहू, अरुण निर्मलकर झराड प्रसाद भी साथ में मदिरापान में शामिल थे। कुली का बिल्ला 165 क्रमांक जमा करा लिया गया है।

### यात्री बनकर देखो स्टेशन की व्यवस्था

आकस्मिक निरीक्षण के बाद वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि मैं आम यात्री की तरह स्टेशन का निरीक्षण करना चाहता था। यात्री की नजर से जन सुविधा को देखा है। स्टेशन में व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत न हो। निरीक्षण के दौरान पाया कि क्लॉक रूम में कार्यरत स्टाफ अपने कार्यों को नियमानुसार कर रहे थे, यात्रियों से व्यवहार भी सौम्य था व स्टॉल पर ओवरचार्जिंग भी नहीं पाई गई।

## अनुकंपा नियुक्त में 10 प्रतिशत पदों का बंधन सीएस ने मांगा लंबित मामलों का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सेवाकाल के दौरान शासकीय सेवकों की मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है, लेकिन तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए 10 प्रतिशत पदों का सीमा बंधन भी लागू है। इसकी वजह से तृतीय श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्तियां मिलने में देर होती है।

इस मामले को लेकर मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष और अधीनस्थ कार्यालयों से यह जानकारी मंगाई है कि 10 प्रतिशत की सीमा होने के कारण अनुकंपा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित हैं।अनुकंपा नियुक्ति का यह मामला दरअसल इसलिए सामने आया है कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक रिट पिटीशन मामले में एक आदेश पारित किया है। इस आदेश के पालन में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव को इस संबंध में निर्देश भेजे गए हैं।

### अब जारी हुआ ये निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सेवाकाल के दौरान शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके आश्रित परिवार के सदस्य को तात्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती है। वर्तमा में अनुकंपा नियुक्त के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश 2013 के प्रावधान प्रचलित है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 15 अप्रैल को प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के लिए अपडेटेड निर्देश भी भेजे हैं। वर्तमान में सीधी भतऊी के तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 10 प्रतिशत पदों की सीमा बंधन लागू है तथा अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थी के दौरान शासकीय सेवक का निधन होने पर उसके परिवार के आश्रित सदस्य को तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 25 प्रतिशत की सीमा है। चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए पदों की संख्या का कोई सीमाबंधन (सीलिंग) नहीं है।

### तत्काल करें प्रकरणों का निपटारा

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निपटारा तुरंत करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित करें। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने शासन के सभी विभागों से अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की जानकारी देने कहा है। विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालयों को यह जानकारी देनी है कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी के निम्नतम पदों जैसे सहायक ग्रेड- 3 वार्ड बॉय, वनरक्षक, पटवारी, पंजीयन लिपिक पर 10 प्रतिशत की सीलिंग के कारण कितने प्रकरण लंबित हैं।

## खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार लक्ष्मण झूला से लेकर घाट तक पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली जीवनदायिनी खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार से लोग परेशान हैं। महादेवघाट से लक्ष्मण झूला तक भारी मात्रा में जलकुंभी जमा होने से घाट पर पूजा पाठ, स्नान करने आने वालों को दिक्कत हो रही है।

वहीं महादेवघाट में परिजनों के अंतिम संस्कार के दौरान अंतिम क्रिया कर नदी में पवित्र स्नान के लिए साफ-सुथरी जगह नही होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना सब होने के बाद भी इस अव्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं है। रायपुर नगरनिगम शहर के ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के मामले में कोताही बरत रहा है। एक तरफ जहां राजधानी के प्राचीन तालाबों की सफाई, सौंदर्यीकरण और गंदे नाले -नालियों की गंदगी को तालाबों में गिरने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करवा रहा है। वहीं महादेवघाट स्थित खारुन नदी की नियमित सफाई नहीं होने से इन दिनों घाट से लेकर लक्ष्मण झूला वाले क्षेत्र में भारी मात्रा में जलकुंभी जमा है। इसके कारण नदी का साफ पानी दूर तक नजर नहीं आ रहा। गर्मी के दिनों में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों से लोग यहां नौका विहार का आनंद उठाने पहुंचते हैं, पर खारुन नदी में जलकुंभी के जाल ने नौका विहार का रास्ता रोक रखा है। इससे नौका चलाकर जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों की आजीविका पर भी असर पड़ा है। घाट किनारे अब गिनती की नौका उपलब्ध हैं ।

## राधिका खेड़ा के मामले में सरोज पांडेय, रेणुका सिंह, भावना बोहरा, शालिनी राजपूत ने कांग्रेस को घेरा

# भाजपा नेत्रियों ने कहा- महिला न्याय की बात करना कांग्रेस का एक नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राधिका खेड़ा के मामले में भाजपा नेत्रियों सरोज पांडेय, रेणुका सिंह, भावना बोहरा, शालिनी राजपूत ने कांग्रेस को घेरते हुए तीखा हमला किया है। इनका साफ कहना है, कांग्रेस महिला न्याय के नाम पर महज नाटक के अलावा कुछ नहीं करती है। कांग्रेस की सच्चाई राधिका खेड़ा के मामले से सामने आ गई है।

सरोज पांडेय ने कहा, कांग्रेस ने लगातार महिलाओं के साथ अन्याय किया है। शाह बानो के तलाक के मामले के केस में जब एक बूढ़ी मां को वर्षों केस लड़ने के बाद कोर्ट ने उसके हक गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया था, तब राजीव गांधी की सरकार ने उस फैसले को बदलने सरकारी आदेश निकाला और उस बूढ़ी मां से उसका हक छीन लिया था। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अगर सुरक्षित नहीं हैं, तो कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का क्या हाल होगा। सोनिया गांधी को इस विषय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।



### कांग्रेस के अन्याय से महिलाओं में निराशा : भावना बोहरा

भाजपा विधायक भावना बोहरा ने कहा, कांग्रेस द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार,उन्हें अपमानित करना इसका एक लंबा इतिहास है। एक महिला होने के नाते राधिका खेड़ा के बयान सुनकर आश्चर्चकित हूं। हम हमेशा महिलाओं, युवतियों के ये कहते हैं प्रोत्साहित करते है की उनके साथ अगर गलत हो रहा है तो जरूर बताएं यही काम राधिका खेड़ा ने किया है, अपनी आपबीती को बताया है। अगर उसकी आवाज को दबाया जाएगा,उसे न्याय नहीं मिलेगा तो पूरे देश की महिलाएं इससे निराश होगी।

### प्रियंका गांधी मौन क्यों : शालिनी राजपूत

भाजपा की प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा, कांग्रेस में लगातार महिलाओं का उत्पीड़न होता रहा है। जब-जब महिलाओं ने अपने हक की आवाज कांग्रेस ने उठाई है उनकी आवाज दबाने का प्रयास हुआ है, उन्हें अपमानित किया गया है। राधिका खेड़ा के साथ हुआ बर्ताव पूरी कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खड़े कर रहा है। लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा लगाने वाली प्रियंका गांधी इस विषय पर मौन क्यों हैं।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी कर्मी हुआ ठगी का शिकार

**भिलाई।** गाना डॉट कॉम का झांसे में आकर बीएसपी कर्मी ने ळाखों रुपए का ठगी का शिकार हुआ। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 2 सडक 8 क्वाटर नंबर 1 सी निवासी रविशंकर पाण्डेय ने गाना डॉट कॉम ऐप में 99 रूपये का आटो पे होने पर बैंक खाते से पैसा कटने पर गुगल में गाना डॉट कॉम का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। इसके बाद अज्ञात मोबाईल नंबर से से पीड़ित को रूपये वापस करने के नाम पर 1 लाख 18 हजार 449 रुपए का ठगी किया। पीड़ित बीएसपी कर्मी है। ऑन लाईन गाना सुनने गाना डॉट कॉम ऐप में 99 रूपये का मंथली रिचार्ज ऑन लाईन किया था। कस्टमर केयर से जब पीड़ित ने जब बात किया तो शिकायत के निराकरण करने कंपनी के सीनियर फोन पर बात करने का झांसा दिया गया। एप में कुछ प्रोसेस करने को पीड़ित से अज्ञात मोबाइल धारक ने कहा रुपए वापस मिलने के चक्कर में खाता से 24 हजार 998, 20 हजार रूपये कटने का मैसेज आ गया।

### कुडो ट्रेनिंग में मिला युवराज को ब्लैक बेल्ट



**दुर्ग।** खंडाला (महाराष्ट्र) में सीनियर कुडो मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग कैंप एवं ब्लैक बेल्ट एग्जाम में छत्तीसगढ़ से खिलाड़ी युवराज साहू का चयन हुआ था, जिसमे 5 दिनों तक हुए ट्रेनिंग एग्जाम का परिणाम 2 मई को आया। जिसमें युवराज साहू ने ब्लैक बेल्ट में रैंक हासिल किया। कोच सेंसाई राजा कौशल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों छत्तीसगढ़ में अब तक 20 खिलाड़ियों ने कुडो में ब्लैक बेल्ट हासिल कर विभिन्न संस्थाओं एवं स्कूलों में मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दे रहें है। कुडो संघ की जिलाध्यक्ष अनुराधा सिंह एवं सचिव लिलीमा सोनी ने युवराज को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


### सेन महाराज की 724वीं जयंती मनाई गई



**दुर्ग।** सेन समाज सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती नेहरू नगर स्थित सेन परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सेन समाज के अध्यक्ष एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित के साथ विधिवत पूजन कर आयोजन का की शुरुआत की। पश्चात सेन समाज के सदस्यों द्वारा सेन जी महाराज का विधि-विधान के साथ पूजन एवं आरती किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रिकेश सेन ने कहा कि सेन महाराज सदैव सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति थे। हमेशा धर्म में आस्था और विश्वास रखने वालों पर परमात्मा कृपा करते हैं।

## निधन

### युगल किशोर रात्रे



**डौंडीलोहारा।** विधानसभा से आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी युगल किशोर रात्रे का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक गण व परिवारजन शामिल हुए।

**चुनाव : क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में 80 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान**

# दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में हुआ शांतिपूर्ण मतदान बड़ी संख्या में मतदाताओं ने डाले वोट







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत अंडा में 85 प्रतिशत, ग्राम विनायकपुर 81, चिंगरी में 85, जंजगिरी में 85, अछोटी में 90, आमटी, मासाभाठ 85 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह भरदा 90, कुथरेल 85,कोनारी 80, चंदखुरी 85, कोलिहापुरी 85, भानपुरी 80, आलबरस 85, निकुम 85, भोथली 87 खाडा, रूदा 80 तिरगा में 80 तथा झोला में 80 प्रतिशत मतदान हुआ।

मतदान को लेकर सुबह से ग्राम के स्कूलों में बनाए गए मतदान केंद्रों में भारी भीड़ रही। महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में पहुंचे। दोपहर में तेज धूप के कारण थोड़ा मतदान केंन्द्रो में भीड़ कम दिखी, लेकिन शाम होते ही पुनः भीड़ बढ़ती गई। मतदान को लेकर युवाओं में भी खाफी उत्साह देखा गया। इस बीच कांग्रेस और भाजपा के बूथों में सुबह चाय नास्ता की व्यवस्था की गई थी। वहीं, लोगों के आने ले जाने के लिए ऑटो की सुविधा भी प्रदान की गई। सेल्फी फाइंट भी मतदान केंन्द्रों में बनाए गए थे, जहां लोगों ने मतदान करने के बाद अपने मोबाईल के कैमरे में फोटो कैद किया। विभिन्न मतदान केंन्द्रो को आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां अलग-अलग व्यवस्था मतदाता के लिए की गई थी। छोटे बच्चों के लिए ओआरएस घोल, पानी की भी व्यवस्था की गई। बुजुर्ग एवं दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई, जिससे उम्र दराज लोगों को किसी तरह की परशानियों का समाना नहीं करना पड़ा।

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने पाऊवारा में किया मतदान



**अंडा।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के चुनाव के दुर्ग संसदीय क्षेत्र में 7 मई को वोट डाले गए। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने परिवार जनों के साथ अपने गृहग्राम पाऊवारा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए बूथ क्रमांक 206 में मतदान किया। इसके साथ ही श्री साहू ने सभी मतदाताओं से अनिवार्य रूप से वोट डालने की अपील की।

### अंडा में बुजुर्ग मतदाताओं ने भी उत्साह से किया मतदान



**अंडा।** बूथ क्रमांक 63 शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभाठा अंडा में बुजुर्ग महिला-पुरुषों ने भी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्राम अंडा निवासी बरणीन नाई पति सेवक साम उम्र 74 वर्ष, बिसेलाल सिन्हा/गयाराम उम्र 86 वर्ष, बिमला सिन्हा/बिसेलाल उम्र 76 वर्ष ने मतदान किया। मतदान केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सकुन साहू, दीपिका चौहान, स्वास्थ्य मिलानिन तीजन यादव, रम्भा मारकंडे, लोकमणी देशमुख, रमशीला सभी अपना सहयोग मतदाताओं को मतदान करवाने में सहयोग प्रदान किया।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्नी के साथ किया मतदान



**अंडा।** अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण प्रदीप कुमार चंद्राकर ने अपनी पत्नी ग्राम पंचायत कुथरेल की सरपंच राजश्री प्रेरणा चंद्राकर के साथ मतदान किया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुथरेल में वोट

### दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने सपरिवार किया मतदान



अंडा। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए आम निर्वाचन के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने पूरे परिवार जनों के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। वे अपनी माता पूर्णिमा चन्द्राकर, पत्नी मीनाक्षी चन्द्राकर, बड़े भाई अशोक चन्द्राकर, भाभी अर्चना चन्द्राकर, भतीजे दुर्गेश चन्द्राकर, भतीजा बहु प्राची चन्द्राकर, भतीजे चंद्रशेखर चंद्राकर, जय चन्द्राकर, भतीजी मुस्कान और हिमानी चन्द्राकर के साथ मंगलवार को अपने गांव कोलिहापुरी स्थित पोलिंग बूथ क्रमांक 36 में पहुंच और सहपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने सभी लोगों से देश हित और राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मतदान करने की अपील की।

### भरदा में सभापति और सरपंच ने डाला वोट



**अंडा।** जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख और भरदा के सरपंच पोषण लाल ठाकुर ने अपने ग्राम भरदा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र में अपना मतदान किया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य है। हम सबको मतदान अवश्य करना चाहिए।

### छाया व पानी की थी व्यवस्था

सरपँच संघ के अध्यक्ष मुकुंद पारकर और अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, भाजपा जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर, प्रभारी टिकेश्वरी लाल देशमुख, प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में सभी बुथ पर ग्रामीणों के लिए टेंट ,पीने के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। ग्राम पंचायत अछोटी सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, पंचायत सचिव युवराज साहू द्वारा सभी मतदान करने वाले ग्रामीण के लिए शरबत पानी की सुविधा किया गया था।

### जनप्रतिनिधियों का रहा विशेष सहयोग


इस लोकसभा चुनाव में दुर्ग ग्रामीण के सभी सरपँचों का विशेष सहयोग रहा। अंडा सरपंच उमादेवी चन्द्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर, रिसामा सरपंच गीता बैकुंट महानंद,जंजगिरी सरपंच रेखा अजय चतुर्वेदी,कुथरेल सरपंच प्रेरणा राजश्री प्रदीप चन्द्राकर,उप सरपंच लोमेश चंद्राकर, चिंगरी सरपंच पुष्पा देशमुख, अछोटी घनश्याम दिल्लीवार, भरदा पोषण लाल ठाकुर, आमटी सरपंच घनश्याम साहू,आलबरस सरपंच आशा देशमुख,निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर,तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख, भोथली सरपँच सुरेश साहू, चंदखुरी हेमलता देशमुख, कोलिहापुरी ज्वाला प्रसाद देशमुख सहित थाना अंडा प्रभारी श्रध्दा पाठक का अपने थाना क्षेत्र के सभी गांव में अपने बल दल के साथ शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।

# शहर में रौशनी करने 99 लाख होंगे खर्च, सड़कों पर लगेगी एलईडी लाईटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर की सड़कों को अंधेरे से मुक्त करने के लिए अब 99 लाख रुपए खर्च करने की तैयारी कर ली गई है। निगम द्वारा हर वार्ड की सड़कों के साथ ही पार्क के अंधेरे वाले हिस्से में एलईडी लाईटें लगाई जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में कई वार्डों से लाईटें खराब होने की शिकायतें सामने आती रही है, लेकिन फंड के अभाव के चलते लाईटें बदलने का काम नहीं हो पा रहा था, परन्तु अब लाईटें बदलने के लिए 99 लाख रुपए खर्च करने की तैयारी कर ली गई है। आचार संहिता हटने के बाद काम शुरू होगा।



### पार्षद बनाने लगे सूची

इधर टेंडर की जानकारी मिलने के बाद से ही सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी पार्षदों ने भी अपने वार्ड में लाईट लगाने के लिए डिमांड सूची बनाने का काम शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार हर वार्ड में दो से ढाई लाख रुपए की लाईटें लगाए जाएगी।

**बन गई सूची, जून में शुरू होगा काम :** मिली जानकारी के अनुसार मार्च महीने के पहले सप्ताह में लाईट लगाने के लिए 99 लाख रुपए का टेंडर किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक स्थानीय भाजपा नेता ने यह टेंडर लिया है। इसके तहत 1 से 25 वार्ड तक लाईट लगाने के लिए 49 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं वार्ड 26 से 51 में लाईटे लगाने के लिए 49 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बताया गया कि हर वार्ड में कहां लाईट लगाना है, इसको लेकर एक सूची भी तैयार की जा रही है। निगम के इंजीनियर के साथ ही वार्ड पार्षदों से इसको लेकर जानकारी ली जा रही है।

# महादेव सट्टा एप : सटोरियों से जब्त अकाउंट में 5 से 10 लाख ट्रांजेक्शन

**बैंकों को नोटिस जारी करने की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेव सट्टा एप को लेकर पुलिस ने महाराष्ट्र, पुणे से जिन 26 सटोरियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उनमें से एक दर्जन से ज्यादा बैंक अकाउंट रायपुर तथा दुर्ग में खोले जाने की बात सामने आई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक जब्त बैंक अकाउंट में एक दिन में पांच से दस लाख रुपए तक के ट्रांजेक्शन किए गए हैं।

पुलिस अफसरों के मुताबिक पुणे में गिरफ्तार किए गए सटोरियों के कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उन अकाउंट की प्रारंभिक पड़ताल में 30 करोड़ रुपए लेन-देन करने की जानकारी मिली है। अकाउंट के डिटेल खंगालने पर लेन-देन करने का आंकड़ा 30 करोड़ रुपए से पार जा सकता है। अकाउंट खुलने के बाद से लेकर उसमें अब तक कितने का ट्रांजेक्शन किया गया है, इस संबंध में जानकारी जुटाने पुलिस अफसर संबंधित बैंक को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं।


सटोरियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी, सभी सुविधाएं फ्लैट के अंदर

सटोरियों को दबोचने सब्जी और दूध बेचने वालों से लेकर छात्र बनकर पुलिस ने की रेकी

### ट्रांसफर रकम की जानकारी जुटाएंगे

पुलिस अफसरों के मुताबिक सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खोले गए थे, उन अकाउंट से किन-किन लोगों के अकाउंट में कितनी रकम ट्रांसफर की गई, पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाएगी। इसके साथ अकाउंट से कितने रुपए कैश निकाले गए, पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

### पांच से दस लाख तक ट्रांजेक्शन

पुलिस ने जो बैंक अकाउंट जब्त किया है, उसमें पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए ट्रांजेक्शन किए गए हैं। जब्त किए गए अकाउंट सेविंग खाता हैं। सेविंग अकाउंट हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि सेविंग अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए कैसे ट्रांजेक्शन किया जा सकता है, जबकि बैंक लेन-देन पर आयकर विभाग की निगरानी रहती है।

### बैंक कर्मियों की संलिप्तता की जांच

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक बैंक कर्मियों की बगैर मिलीभगत के फेक आईडी तथा बगैर आईडी प्रूफ के बैंक अकाउंट खोलना संभव नहीं है। पुलिस अफसर के अनुसार ज्यादातर बैंक अकाउंट फेक आईडी के खोले गए हैं। अफसर इस संबंध में पड़ताल करने के बाद दोषी बैंक कर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

### आयकर विभाग की नजरें बचाकर ट्रांजेक्शन

*पूर्व में सट्टा संचालित करने जिन सेविंग अकाउंट में एक दिन में लाखों का ट्रांजेक्शन किया गया, उन खाताधारकों को आयकर विभाग ने नोटिस जारी किया था। आशंका जताई जा रही है, महादेव सट्टा एप से जुड़े सटोरिए बैंक प्रबंधन के साथ मिलीभगत कर सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खुलवाए थे, उन अकाउंट की जानकारी आयकर विभाग तक नहीं पहुंचे, इसके लिए बैंक कर्मियों के साथ साठ-गांठ की होगी।*

### पप्पू जेठवानी की तलाश में जुटी पुलिस

*पैनल लेकर सट्टा संचालित करने के मास्टर माइंड समता कालोनी निवासी पप्पू जेठवानी है, जो अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस को आशंका है कि पप्पू जेठवानी हैदराबाद में छिपा हो सकता है या फिर वह दुबई फरार हो गया है। पप्पू के देश में छिपे होने की स्थिति में पुलिस उसके छिपने के संभावित ठिकानों में छापे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।*

# चौपाटी में लग रहा मेला, गर्मी से राहत पाने गार्डनों में भी बढ़ी चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भीषण गर्मी में स्वस्थ मनोरंजन एवं ठंडी हवाओं की आस में इन दिनों शहर के रानीसागर से लगे आसपास के क्षेत्र चौपाटी एवं गार्डनों में बच्चो से लेकर उनके परिजनों की बेहतर उपस्थिति बनने लगी है। जिससे देर शाम तक मेला सा माहौल निर्मित होने लगा है। अप्रैल माह के शुरूआती दिनों से ही गर्मी चरम पर है। ऐसे में गलियों से लेकर सड़कों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरने लगा है। लोग आवश्यक कार्य से बाहर निकल भी रहे हैं तो भीषण गर्मी से बचने कई तरह के उपाय कर रहे हैं। वहीं छांव की तलाश में रहते हैं। पूर्व दिनों में सन्नाटा पसरे रहने वाले शहर के पार्कों में शाम होने के बाद चहल-पहल का नजारा बनने लगा है।

### देर शाम तक बन रही उपस्थिति

इन दिनों चौपाटी के पास हो रही बेहतर उपस्थिति से यहां आसपास खिलौनों सहित अन्य सामानों की दुकान सजाने वालों की भी व्यस्तता बढ़ने लगी है। सामान्य दिनों की अपेक्षा इस मौसम में उनका बेहतर व्यवसाय भी हो रहा है। इधर बूढ़ासागर के आसपास भी लोग देर रात तक घूमकर गर्मी से राहत पाते देखे जाने लगे हैं। शाम होते ही वीआईपी रोड स्टेडियम के आसपास लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है। गौरवपथ में भी इवनिंग वॉक करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# पांच घंटे बंद रही शहर के कई इलाकों की बिजली, रातभर परेशान रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सोमवार की रात शहर के गंजपारा और सदर रोड के क्षेत्र को छोड़ अन्य इलाकों में पांच घंटे से भी अधिक समय तक बिजली बंद रही। विद्युत विभाग की टीम कई घंटे तक फॉल्ट तलाशती रही। रात करीब 10:30 बजे से बिजली बंद हुई जो रात 3:30 बजे बहाल हो पाई।

इस बीच करीब पांच घंटे तक शहरवासी उमस भरी गर्मी से हलाकान होते रहे। इसके साथ ही मच्छरों ने शहरवासियों की पूरी रात खराब कर दी। वहीं, विभाग के लोग बिजली बंद होने का कारण विद्युत का लोड अधिक होना बता रहे हैं। प्रभवित क्षेत्र के लोगों का दावा है कि जिन इलाकों में पांच घंटे तक बिजली बंद रही उन इलाकों में ऐसी तथा कूलर का इस्तेमाल कम होता है, जबकि जिन इलाकों में ऐसी तथा कूलर दिन रात चल रहा है, उन इलाकों में बिजली बंद की समस्या सामने कम ही आती है। लिहाजा देर रात बिजली बंद रहने की समस्या से प्रभावित शहर के अलग-अलग इलाकों के लोग बिजली ऑफिस पहुंच गए।

**खबर संक्षेप**

### मटिया टिकरी से 28 जुलाई को निकाली जाएगी विशाल कांवड़ यात्रा

**अर्जुंदा।** सावन माह में 28 जुलाई रविवार को 15 हजार से अधिक शिवभक्त महिला, पुरुष व युवक–युवतियों द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। मटिया टिकरी से शक्तिपीठ हनुमान मंदिर कमरौद तक 17 किलोमीटर पैदल झूमते नाचते बोल बम और हर हर महादेव के नारे, धुमाल, झांकी, संगीत के साथ रास्ते में सभी शिवलिंग और शिव मंदिर में जलाभिषेक कर कांवड़ यात्रा में भगवान शिव पार्वती एवं उनके परिवार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। कांवड़ यात्रा को विशाल बनाने युवाओं की हर गांव में टोली तैयार की जाएगी। कार्यक्रम में कमरौद से अर्जुंदा के आसपास के 100 गांवों के शिवभक्त तक आमंत्रण व अन्नदान से कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी की जाएगी।

### सोनकर समाज के भवन का लोकार्पण आज

**डौंडीलोहारा।** 8 मई को सोनकर सामाजिक भवन का लोकार्पण परसुली बड़े पारा में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद सोनकर अध्यक्ष छग सोनकर समाज होंगे, अध्यक्षता डॉ. दाऊ लाल इन्दौरिया अध्यक्ष शाखा परसुली राज करेंगे।

### आंधी के साथ हुई बारिश, पेड़ की डंगाल गिरी, बिजली बंद

**डौंडीलोहारा।** मंगलवार को सुबह 5 से आंधी प्रारंभ हो गई। वहीं, आंधी के साथ पानी भी बरसने लगा। यह दौर करीब 2 घंटे तक चला। उसके बाद मौसम साफ हो गया। दिन भर मौसम साफ रहने के बाद शाम करीब 6:30 बजे से फिर आंधी चालू हो गई, जिससे कई पेड़ व डंगाल धराशाई हो गये। नगर में पुराने हॉस्पिटल के पास पीपल का पेड़ का डंगाल बिजली तार पर गिर गया, जिससे ढाई घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। इधर गर्मी फसल की कटाई भी जारी है। किसानों द्वारा कटाई करने के बाद पानी गिरने से फसल खराब होने की आशंका बनी हुई है।

### अधेड़ ने लगाई फांसी

**भिलाई।** अधेड फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह अहिवारा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम गिरोला में तालाब के पास पेड़ पर एक अधेड का शव फांसी पर लटकता मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव को शिनाख्त किया। मृतक की पहचान गिरधारी यादव को रुप में हुई। मृतक खेती किसानी का काम करता था। मृतक के पास से एक सुयाडल नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें बीमारी से परेशान होना लिखा हुआ था।

### लूट का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** जेवलरी शॉप से सोने की चेन लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाप पुलिस ने धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि गवली पारा जयश्री ऑयल मिल के सामने दुर्ग निवासी अजय कुमार जैन का मेरा जामा मस्जिद जवाहर चौक दुर्ग के पास ताराचंद प्रेमचंद ज्वेलर्स नाम से सोने चांदी की शॉप है। 5 मई की दोपह पिता ताराचंद जैन दुकान मे बैठे थे। दोपहर 3.15 के आस पास दुकान में अज्ञात युवक 20 से 30 साल का पहुचा था। पिता को 40 हजार रेंज तक की जेवरात दिखाने को कहा था। युवक नशे की हालत में होने से उसे दुकान से जाने को कहा था। लेकिन युवक ने सोने की चैन को हाथ से पकडकर झटके से लूटकर दुकान से फरार हो गया।

## लोक सभा चुनाव : घठोली में ग्रामीणों ने मतदान केंद्र में जड़ा ताला

# घठोली में पानी और मोतिमपुर, झाझाडीह तथा रामपुर में सड़क के लिए मतदान का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जहां लोगों ने उत्साह से मतदान किया। वहीं, जिले के चार गांवों में लोगों ने समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया। सड़क की मांग को लेकर जहां घाटोली के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। वहीं, दूसरी ओर झाझड़ी, रामपुर एवं मोतीपुर के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। इसकी सूचना पर चुनाव के लिए तैनात अधिकारी गांवों में पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी। जिसके बाद तीन गांवों में लगभग साढ़े 7 घंटे के बाद वोटिंग शुरू हुई। हालांकि झाझड़ी, रामपुर एवं मोतीपुर के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा दबाए बनाए जाने के कारण गांवों में मतदान शुरू हुआ। वहीं, समाचार लिखे जाने तक ग्राम घठोली में मतदान प्रारंभ नहीं हो पाया था।

बता दें कि ये चारों ग्राम कैबिनेट मंत्री एवं नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक दयालदास बघेल के क्षेत्र में आते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बीते दिनों लोकसभा चुनाव के समय मतदान का बहिष्कार करने के संबंध में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था। उसके बाद भी समस्या का निदान नहीं हुआ। अंततः ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। इस संबंध में यह भी जानकारी मिली है कि ग्राम घठोली में सुबह जब मतदान की तैयारी स्कूल में मतदान दल द्वारा की जा रही थी, तभी स्कूल के मुख्य गेट पर किसी ने ताला लगा दिया गया। सुबह 10 बजे तक स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लटका रहा। बाद में पुलिस वालों ताला तोड़ा। लेकिन उसके बाद भी ग्रामीणों ने पानी की समस्या पीने के पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया, जहां समाचार लिखे जाने तक मतदान शुरू नहीं हो पाया था। चुनाव बहिष्कार की जानकारी होते ही जिले के एसपी रामकृष्ण साहू एडिशनल एसपी ज्योति सिंह अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेई एसडीएम ,टी आई चंद्र देव वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया गया। किंतु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। इन लोगों का कहना है कि केवल झूठा आश्वासन दिया जाता है, उसका समाधान बाद में नहीं किया जाता जिसके कारण हमें लगातार समस्या से जूझना पड़ता है।

### तीन गांवों में साढ़े सात घंटे के बाद शुरू हुआ मतदान





**ग्रामीणों ने लगाया दबाव बनाने का आरोप**

बेमेतरा जिले के ग्राम रामपुर मोतीपुर झांझडीह के ग्रामीण ग्रामीणों ने पक्की सड़क नहीं होने के कारण मतदान करने का बहिष्कार किया था। ग्रामीण गौकरण धृतलहरे बताया कि ग्रामवासियों पर अधिकारियों ने दबाव बनाकर मतदान प्रक्रिया शुरू कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी ने दबाव बनाते हुए कहा कि मतदान नहीं किया, तो न तो मूलभूत सुविधा मिलेगी और न ही ग्रामीणों को राशन दिया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम झाझा डीके गंगाधर टंडन ने बताया कि हम लोग अपने मांग को लेकर पूरा एकजुट थे, किंतु अधिकारियों ने ग्रामीणों पर दबाव बनाया, जिसके कारण मजबूरी में मतदान करना पड़ा। इस तरह करीब साढ़े सात घंटे के बाद दोपहर लगभग ढ़ाई बजे से ग्रामीणों ने मतदान करना शुरू किया। अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर ग्रामीणों की मूलभूत सुविधा कब मिल पाती है या यूं ही ग्रामीण अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर होते रहेंगे।

### अमोला घाट से आने वाली पाइपलाइन से जोड़ने का सुझाव

इस संबंध में ग्रामीणों का सुझाव है कि यहां से लगभग डेढ़ दो किलोमीटर पर अमोला घाट से मीठे पानी की पाइप गई है। इस पाइप को घठोली की पानी टंकी से जोड़ दिया जाए, तो समस्या का समाधान हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ ही कलेक्टर से भी इस संबंध में बात की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भी बताया कि पेयजल की समस्या बहुत विकराल है। कलेक्टर से लेकर अन्य अधिकारियों के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जा चुका है, किंतु समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

### क्षेत्र का पानी खारा, मीठे पानी के लिए मशक्कत

इस संबंध में ग्रामीण मोहित टंडन ने बताया कि इस क्षेत्र में खारा पानी मिलता है जिसके कारण ग्रामीणों को मीठे पानी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है। इस संबंध में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते रहे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि मीठा पानी नहीं होने के कारण बीरमपुर बालसमूह भोथीडीह से पानी लाना पड़ता है, जो गांव से दो से चार किलोमीटर दूर है। इसी तरह हेमू साहू दया साहू ने भी बताया कि इस संबंध को लेकर तत्कालीन मंत्री के पास भी अपनी समस्या लेकर गए थे किंतु समाधान नहीं हो पाया।

### दिव्यांग रथ से पहुंची बदरा बाई और अंजनी बाई ने किया मतदान







**बेमेतरा।** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को हुए मतदान में बदरा बाई साहू 85 उम्र की बुजुर्ग मतदाता ने साजा विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क विशेष वाहन सुविधा दिव्यांग रथ से घर से मतदान केंद्र पहुंची और वोट डाला। बदरा बाई साहू और अंजनी बाई को अधिक उम्र के कारण चलने की दिक्क़त थी । निर्वाचन आयोग ने के निर्देश पर ज़िला प्रशासन द्वारा विशेष वाहन सुविधा दिव्यांग रथ उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा लोगों ने भी दिव्यांग रथ का उपयोग कर वोट डाला।







### मतदान केंद्रों में की गई आकर्षक साज-सज्जा



**बेमेतरा।** लोकसभा निवार्चन 2024 के मद्देनजर प्रशासन के दिशानिर्देश पर जिलेभर के सभी मतदान केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कहीं, बस्तर की आदिवासी लोक संस्कृति की झलक तो कहीं छत्तीसगढ़ की छत्तीसगढ़िया संस्कृति की छाप नजर आ रही थी।

इस अनूठी सजावट में जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका से लेकर ब्लॉक मुख्यालय के नगर पंचायत व ग्राम पंचायत के मतदान केंद्रों में खूब जबरदस्त दिखाई पड़ी। वहीं वोटिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में प्रवेश के लिए भव्य स्वागत द्वार, युवाओं के लिए आदर्श मतदाता सेल्फी प्वाइंट, गर्मी में ठंडे पेयजल के लिए प्याऊ घर, नवजात बच्चों के स्तनपान के लिए अलग ज़ोन, बुजुर्गजनों के लिए ट्राई साइकिल की व्यवस्था एवं वोटिंग स्थल पर पर्याप्त छाँव की व्यवस्था की गई थी।

नगर पंचायत देवकर में आदिवासी संस्कृति का लुक देने के लिए बाँस, लकड़ी, धान की बाली व घास की कलाकृतियों को सजावट के तौर पर उपयोग किया गया था। वहीं, कई ग्राम पंचायत के केंद्रों आम के पत्तों व फलों एवं अन्य सीजनेबल स्थानीय फल-फूलों से सजाया गया था। वहीं, सीमावर्ती नगर पंचायत मारो में स्थानीय इलाके के शो पीस पौधों व पेड़ों के पत्ते से सजावट को खास लुक दिया गया था। इसी तरह बेरला विकासखण्ड के सरदा मतदान केंद्र में वन मण्डल दुर्ग व उपवनमण्डल बेमेतरा के तत्वावधान में बांस व वनों की कलाकृति से आकर्षक डिजाइन तैयार की गई थी। बहरहाल सभी इलाकों में वोटिंग के लिए मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए प्रशासन द्वारा खास प्रयास व इंतजाम किया गया था, जो इस बार आम चुनाव में चर्चा का विषय रहा।

# तालाबों को भरने तांदुला से छोड़ा पानी, नेवारीकला के ग्रामीणों की बढ़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में भीषण गर्मी के कारण तालाबों का जलस्तर कम होने के कारण उन्हें भरने के लिए तांदुला नदी में पानी छोड़ा गया है, ताकि लोगों को निस्तारी के लिए समस्याओं का सामना न करना पड़े और आसपास के जलस्त्रोतों का जलस्तर उठाने में सहयोग हो सके। लेकिन, शासन प्रशासन के इस सहयोगात्मक रवैये ने नेवारीकला के लोगों की समस्या बढ़ा दी है। नदी में पानी आ जाने से वहां पुल नहीं होने के कारण ग्राम नेवारीकला के लोगों को बरसात जैसी स्थिति का सामना भरी गर्मी में करना पड़ रहा है।

जल संसाधन विभाग द्वारा पूर्व में जहां जिले के कई जलाशयों से तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया था, ताकि ग्रामीणों को निस्तारी में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। नहरों के माध्यम से वर्तमान में भी तालाबों को भरने का कार्य जारी है। इनमें ग्राम चौरेल भी शामिल है, जहां के ग्रामीणों की मांग पर तांदुला नदी में जल संसाधन विभाग द्वारा तांदुला जलाशय से पानी छोड़ गया है। इसके कारण तांदुला नदी में पानी भर गया है। वहीं, तांदुला नदी पर छोड़े गए पानी के कारण नेवारीकला के ग्रामीणों को सायकल कंधे में उठाकर नदी पार करना पड़ रहा है। साथ ही दोपहिया वाहन जो गर्मी में पानी सूख जाने के बाद नदी पार कर मात्र 6 किलोमीटर में जिला मुख्यालय पहुचते थे, उन्हें अब 14 किलोमीटर की लंबी दूरी सफर कर जिला पहुंचना पड़ रहा है।

### पुल निर्माण स्वीकृत, प्रारंभ नहीं हुआ कार्य

ग्राम के दूध, सब्जी, मिट्टी के सामान तथा अन्य व्यापारियों को सामान लाने ले जाने में बरसात जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पुल का निर्माण करने की मांग की है। गौरतलब है कि पुल के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन अब तक काम प्रारंभ नहीं हो सका है, जिसके कारण नेवारीकला के ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### ठेका श्रमिक की मौत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं को सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा । सोमवार को फिर सेक्टर नौ में एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूर लाल बहादुर सिंह 52 वर्ष ठेकेदार सुजीत पाल के अंडर में कार्यरत थे। कंपनी के सुपरवाईजर आसाराम चौधरी के साथ सेक्टर 9 में निर्माणाधीन पंप हाउस में पैनल बिठाने का काम कर रहे थे। अचानक संतुलन खोने से लाल बहादुर 20 फीट गहरे गड्ठे में गिर गए। इससे उनके सर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल सेक्टर नौ हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मैसेज में बाइक ले जाने की बात कही और बंद कर दिया मोबाइल

# युवक ने दोस्त को मैसेज भेजकर मांगी माफी और हो गया लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

जिले के महामाया थाना क्षेत्र अंतर्गत बोइरडीह डैम में राजहरा के वार्ड क्रमांक 14 निवासी एक युवक अपनी बाइक खड़ाकर सोमवार रात को अपने मित्रों को बाइक ले जाने और अब नहीं हो रहा मेरे से, मैसेज कर फोन बंद कर लापता हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार राजहरा के वार्ड क्रमांक 14 निवासी नरेश कुमार नागेश्वर पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद नामक 24 वर्षीय युवक ने सोमवार की रात लगभग 9 बजे अपने दोस्त हिमालय विश्वकर्मा को मैसेज किया कि भाई माफ कर देना, सॉरी और गुड बाय भाई, गाड़ी लेने डैम आ जाना चाबी ले के तेरा वाला, नहीं हो पा रहा अब मेरे से, और मोबाइल को बंद कर दिया। इस प्रकार से मैसेज आने के बाद और लगातार मोबाइल बंद आने से मित्रों और परिजनों के द्वारा खोजबीन शुरू की गई, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। उसके बाद लापता युवक के भेजे मैसेज के आधार पर लोग बोइरडीह डैम के ऊपर पहुंचे, जहां युवक की मोटर साइकिल मिलने के बाद परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की सूचना महामाया थाना को दी। उसके बाद मंगलवार सुबह पुलिस प्रशासन डैम पहुंची, तो डैम के किनारे पानी में युवक की चप्पल मिली। उसके बाद आसपास खोजबीन की गई, लेकिन और कोई सुराग हाथ नहीं लगा। बाद में बालोद से गोताखोरों की टीम मोटर बोट के साथ दोपहर तीन बजे बुलाई गई और शाम 6 बजे तक गोताखोरों ने भी डैम में उतरकर खोजबीन की, लेकिन देर शाम गुजर जाने के बावजूद कुछ भी बरामद नहीं हुआ है।

लापता युवक नरेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था और पुराना बाजार स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। अपनी मां, नानी और भाइयों के साथ वार्ड क्रमांक 14 में रहता था। आशंका जताई जा रही है की मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
बेमेतरा जिला के अंतर्गत देवकर
में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड, सुंदर नगर
चाचा प्रॉपर्टी के नीचे, बेमेतरा
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024,
26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411